# एक नई राष्ट्रीय विकलाँगता कार्यनीति

## इसमें क्या शामिल होना चाहिए?

**वे प्रश्न जिनके बारे में आपको सोच-विचार करने की ज़रूरत है**

पढ़ने में आसान संस्करण

## इस दस्तावेज का उपयोग कैसे करें

यह दस्तावेज ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने बनाया है। जब आपको 'हम' शब्द दिखाई देता है, तो इसका अर्थ ऑस्ट्रेलियाई सरकार से है।

हमने इस जानकारी को पढ़ने में आसान तरीके से लिखा है।

हमने कुछ शब्द **बोल्ड** में लिखे हैं।

इसका अर्थ है कि अक्षर मोटे और गहरे रंग के हैं।

हम इन शब्दों का अर्थ समझाते हैं। पृष्ठ 20 पर इन शब्दों की एक सूची दी गई है।

यह पढ़ने में आसान दस्तावेज एक अन्य दस्तावेज का साराँश है। इसका अर्थ है कि इसमें केवल सबसे महत्वपूर्ण विचार शामिल हैं।

वह अन्य दस्तावेज आप हमारी वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते/सकती हैं:

**engage.dss.gov.au/nds-stage2-consultation**

आप इस दस्तावेज को पढ़ने के लिए सहायता माँग सकते/सकती हैं। कोई दोस्त, परिवार का सदस्य या समर्थन व्यक्ति आपकी सहायता कर सकता है।

## इस दस्तावेज में क्या शामिल है?

| | |
|---|---|
| National Disability Strategy (राष्ट्रीय विकलाँगता कार्यनीति) क्या है? | 3 |

एक नई National Disability Strategy (राष्ट्रीय विकलाँगता कार्यनीति) 4

नई कार्यनीति के बारे में समुदाय के साथ चर्चा करना 4

हमारा स्थिति वक्तव्य 5

हमारी वर्तमान कार्यनीति में शामिल विचार 5

नई कार्यनीति के लिए विचार 7

समुदाय के दृष्टिकोणों पर ध्यान देना 9

यह सुनिश्चित करना कि सभी को पता हो कि उन्हें क्या करना चाहिए 10

विकलाँगता-ग्रस्त लोगों द्वारा अपने लक्ष्यों की प्राप्ति करना 11

कार्य योजनाएँ 13

विकलाँगता-ग्रस्त लोगों का समावेश करना 14

आपके बारे में प्रश्न 16

आप हमें अपने उत्तर कैसे बता सकते/सकती हैं 19

शब्द सूची 20

हमसे संपर्क करें 22

# National Disability Strategy (राष्ट्रीय विकलाँगता कार्यनीति) क्या है?

*National Disability Strategy (राष्ट्रीय विकलाँगता कार्यनीति)* 2010–2020 विकलाँगता-ग्रस्त लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक योजना है।

इस दस्तावेज में हम इसे 'कार्यनीति' कहते हैं।

इस कार्यनीति में यह शामिल है कि हम ऑस्ट्रेलिया में इन विशेषताओं को और अधिक विकसित करने के लिए क्या कर सकते हैं:

- **समावेशी**
- **सुगम**।

यदि कुछ समावेशी होता है, तो सभी लोग इसमें प्रतिभाग ले सकते हैं।

यदि कुछ सुगम होता है, तो सभी लोग इसका उपयोग कर सकते हैं। यह निम्नलिखित में से कुछ भी हो सकता है:

- स्थान या भवन
- परिवहन
- सेवा
- जानकारी
- वेबसाइट।

यह कार्यनीति *विकलाँग व्यक्तियों के अधिकारों के लिए सँयुक्त राष्ट्र प्रसंविदा* (यूएन प्रसंविदा) *[United Nations Convention on the Rights of Persons with Disabilities* (UN Convention)*] में दिए गए विचारों पर आधारित है।*

यूएन प्रसंविदा विकलाँगता-ग्रस्त लोगों के अधिकारों को निर्धारित करती है।

यह इस बारे में समझाती है कि विकलाँगता-ग्रस्त लोगों के साथ भेदभाव के बिना व्यवहार कैसे किया जाना चाहिए।

## एक नई National Disability Strategy (राष्ट्रीय विकलाँगता कार्यनीति)

2020 में यह कार्यनीति समाप्त हो जाएगी।

कार्यनीति शुरू होने के बाद से बहुत कुछ बदल गया है।

अब हमारे पास राष्ट्रीय विकलाँगता बीमा योजना (एनडीआईएस) [National Disability Insurance Scheme (NDIS)] है।

एनडीआईएस बहुत सारे विकलाँगता-ग्रस्त लोगों को सेवाएँ और सहायता उपलब्ध कराती है।

बहुत सारे ऑस्ट्रेलियावासी इन बातों से प्रभावित हुए हैं:

- कोरोनावायरस (COVID-19)
- 2019–20 की बुशफायर अवधि।

पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर की सरकारें नई कार्यनीति बनाने के लिए साथ मिलकर काम कर रही हैं।

हम जानना चाहते हैं कि लोगों के अनुसार नई कार्यनीति में क्या शामिल होना चाहिए।

हम जानते हैं कि नई कार्यनीति को:

- यूएन प्रसंविदा में दी गई बातों का पालन करते रहना चाहिए
- देखभालकर्ताओं को अभिस्वीकृति देनी चाहिए।

## नई कार्यनीति के बारे में समुदाय के साथ चर्चा करना

हमने 2019 में समुदाय में उपस्थित विकलाँगता-ग्रस्त लोगों से नई कार्यनीति के बारे में चर्चा आरंभ की।

हम जानना चाहते हैं कि लोगों के अनुसार नई कार्यनीति में क्या शामिल होना चाहिए।

आप हमें जो बताएँगे/बताएँगी, उससे हमें नई कार्यनीति बनाने में सहायता मिलेगी।

# हमारा स्थिति वक्तव्य

**हमने एक स्थिति वक्तव्य** बनाया है।

स्थिति वक्तव्य नई कार्यनीति में शामिल बातों का एक सारांश होता है।

हमारे स्थिति वक्तव्य में नीचे दी गई बातें शामिल हैं:

- नई कार्यनीति में शामिल करने के लिए विकलाँगता क्षेत्र द्वारा हमें बताई गई बातें
- हमारे पास अभी जो कार्यनीति है, उसमें से किन बातों का परिणाम अच्छा रहा
- विकलाँगता-ग्रस्त लोगों के प्रति समुदाय के **दृष्टिकोण** बदलने के लिए विचार।

दृष्टिकोण ऐसी बातें होती हैं:

- जो आप सोचते हैं
- जिन्हें आप महसूस करते हैं
- जिनमें आप विश्वास करते हैं।

# हमारी वर्तमान कार्यनीति में शामिल विचार

कार्यनीति में विकलाँगता-ग्रस्त लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए 6 विचार शामिल हैं।

हम इन्हें **परिणाम क्षेत्र** कहते हैं।

कार्यनीति के 6 परिणाम क्षेत्र हैं:

1. कार्य, धन और आवास
2. समुदाय में प्रतिभाग
3. हमारे भेदभाव-मुक्त व्यवहार और सुरक्षा के अधिकार
4. समर्थन प्राप्त करना
5. शिक्षण और कुशलताएँ
6. स्वास्थ्य और कल्याण

## नई कार्यनीति के लिए हमारा दृष्टिकोण

हमारे पास नई कार्यनीति के लिए एक **दृष्टिकोण** भी है।

हमारा दृष्टिकोण यह है कि हमारे विचार में भविष्य कैसा होना चाहिए।

हमारा दृष्टिकोण यह है कि ऑस्ट्रेलिया एक ऐसा स्थान बन पाए जहाँ विकलाँगता-ग्रस्त लोगोंः

- का समावेशन किया जाए
- के पास अपने अनुसार जीवन जीने का सामर्थ्य हो
- के साथ समुदाय के अन्य लोगों के समान ही व्यवहार किया जाए।

## सोचने के लिए प्रश्न

आप 6 परिणाम क्षेत्रों के बारे में क्या सोचते/सोचती हैं?

आप हमारे दृष्टिकोण के बारे में क्या सोचते/सोचती हैं?

कृपया नीचे दिए गए चौखाने में अपने उत्तर लिखें।

| |
|---|
| शब्द लिखने के लिए यहाँ पर क्लिक या टैप करें। |

## नई कार्यनीति के लिए विचार

हमारे **मार्गदर्शन सिद्धाँत** ऐसे महत्वपूर्ण विचार हैं जिन्हें हम नई कार्यनीति में शामिल करना चाहते/चाहती हैं।

इन विचारों के अनुसार:

- हमें विकलाँगता-ग्रस्त लोगों का समावेश करना चाहिए
- हमारे पास विकलाँगता-ग्रस्त लोगों द्वारा प्रतिभाग लिए जाने के तरीके होने चाहिए
- **हमें सभी लोगों के लिए उपयुक्त अवरचना** का प्रयोग **करना चाहिए**।

सभी लोगों के लिए उपयुक्त अवरचना का अर्थ है कि नई परियोजनाओं और सेवाओं की योजना बनाते समय या इनका आरंभ करते समय हमें सभी लोगों की आवश्यकताओं के बारे में सोचना चाहिए।

हमें विकलाँगता-ग्रस्त लोगों के सामने आने वाली बाधाओं को दूर करना चाहिए।

हमें अपने कार्य में व्यापक समुदाय को शामिल करना चाहिए।

हमें विकलाँगता-ग्रस्त लोगों को समर्थन और देखभाल प्रदान करने वाले लोगों की सहायता करनी चाहिए, जैसे:

- परिवार के सदस्य
- देखभालकर्ता
- समर्थनकर्ता
- सेवा-प्रदाता।

**सोचने के लिए प्रश्न**

आप हमारे मार्गदर्शन सिद्धाँतों के बारे में क्या सोचते/सोचती हैं?

क्या हमें अपनी कार्यनीति में कोई अन्य महत्वपूर्ण विचार शामिल करने चाहिए?

हम यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि सभी लोग हमारे मार्गदर्शन सिद्धाँतों का पालन करें?

कृपया नीचे दिए गए चौखाने में अपने उत्तर लिखें।

| |
|---|
| शब्द लिखने के लिए यहाँ पर क्लिक या टैप करें। |

## समुदाय के दृष्टिकोणों पर ध्यान देना

समुदाय के दृष्टिकोण विकलाँगता-ग्रस्त लोगों को उनके लक्ष्यों तक पहुँचने से रोक सकते हैं।

इनमें नीचे दिए गए लक्ष्य शामिल हैं:

- पढ़ाई करना और सीखना
- नौकरी करना और पैसे कमाना
- समुदाय में प्रतिभाग लेना।

विकलाँगता-ग्रस्त लोगों ने हमें बताया कि जब वे अपने लक्ष्यों तक पहुँचने का प्रयास करते हैं, तो समुदाय के दृष्टिकोण सबसे बड़ी बाधाओं में से 1 होते हैं।

### सोचने के लिए प्रश्न

क्या हमें इस कार्यनीति में समुदाय के दृष्टिकोणों में परिवर्तन लाने को एक महत्वपूर्ण लक्ष्य बनाना चाहिए?

क्या हमें नई कार्यनीति में समुदाय के दृष्टिकोणों को परिवर्तित करने के संबंध में विचारों को शामिल करना चाहिए?

कृपया नीचे दिए गए चौखाने में अपने उत्तर लिखें।

| |
|---|
| शब्द लिखने के लिए यहाँ पर क्लिक या टैप करें। |

## यह सुनिश्चित करना कि सभी को पता हो कि उन्हें क्या करना चाहिए

नई कार्यनीति स्पष्ट होनी चाहिए, ताकि सभी को पता हो कि उन्हें क्या करना चाहिए।

इसमें शामिल हैं:

- सरकारें
- विकलाँगता क्षेत्र
- व्यापक समुदाय।

नई कार्यनीति में स्पष्ट रूप से यह समझाया जाएगा कि:

- सरकारों को क्या करना चाहिए
- सरकारें विकलाँगता-ग्रस्त लोगों का समर्थन कैसे करेंगी
- विकलाँगता-ग्रस्त लोगों के लिए सेवाओं के प्रबंधन में सरकारें कितना प्रतिभाग लेंगी
- विकलाँगता क्षेत्र को क्या करना चाहिए
- समुदाय को क्या करना चाहिए।

**सोचने के लिए प्रश्न**

क्या आपको लगता है कि सरकारें, संगठन और समुदाय विकलाँगता-ग्रस्त लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए साथ मिलकर काम करते हैं?

नई कार्यनीति में यह दिखाने के लिए क्या होना चाहिए कि विकलाँगता क्षेत्र और व्यापक समुदाय विकलाँगता-ग्रस्त लोगों के जीवन को बेहतर कैसे बना सकते हैं?

कृपया नीचे दिए गए चौखाने में अपने उत्तर लिखें।

| |
|---|
| शब्द लिखने के लिए यहाँ पर क्लिक या टैप करें। |

## विकलाँगता-ग्रस्त लोगों द्वारा अपने लक्ष्यों की प्राप्ति करना

विकलाँगता-ग्रस्त लोग अपने जीवन के कई क्षेत्रों में लक्ष्य निर्धारित करते हैं।

यदि विकलाँगता-ग्रस्त लोग अपने लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम हो पाते हैं, तो हमें यह पता चल जाएगा कि कार्यनीति काम कर रही है।

हम अपनी नई कार्यनीति में एक **परिणाम ढाँचा** शामिल करना चाहते हैं।

परिणाम ढाँचा इन बातों का अनुरेखण करने का तरीका है:

- क्या विकलाँगता-ग्रस्त लोगों ने अपने लक्ष्य प्राप्त कर लिए हैं
- हमें कैसे पता चलेगा कि विकलाँगता-ग्रस्त लोगों ने अपने लक्ष्य प्राप्त कर लिए हैं
- समय के साथ होने वाले परिवर्तन।

उदाहरण के लिए, कितने विकलाँगता-ग्रस्त लोग नीचे दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल हो पाए:

- रोजगार प्राप्त करना
- स्वयं अपने लिए पैसे कमाना।

हम परिणाम ढाँचे का उपयोग रिपोर्ट लिखने में सहायता पाने के लिए कर सकते हैं।

हमारी रिपोर्टों में इस बारे में बात की जा सकती है कि क्या विकलाँगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिस्थितियाँ बेहतर हो रही हैं या नहीं।

हमारी रिपोर्टों में नीचे दिए गए विषयों के बारे में बातें भी शामिल हो सकती हैं:

- नई कार्यनीति कितनी अच्छी तरह काम कर रही है
- किन क्षेत्रों को और अधिक बेहतर बनाने की आवश्यकता है।

## सोचने के लिए प्रश्न

हमें अपनी रिपोर्टों में क्या लिखना चाहिए?

आपके विचार में हमें कितनी बार:

- अपनी रिपोर्टें लिखनी चाहिए, उदाहरण के लिए प्रत्येक 1 या 2 वर्ष बाद?
- अपनी रिपोर्टों को समुदाय के साथ साझा करना चाहिए?

कृपया नीचे दिए गए चौखाने में अपने उत्तर लिखें।

| |
|---|
| शब्द लिखने के लिए यहाँ पर क्लिक या टैप करें। |

# कार्य योजनाएँ

हम कार्य योजनाएँ बनाकर इनकी सहायता कर सकते हैं:

- सरकारें
- विकलाँगता क्षेत्र
- व्यापक समुदाय।

हमारी कार्य योजनाओं से इन बातों में सहायता मिलेगी कि:

- सभी लोग बिल्कुल सही तरीके से समझ पाएँ कि उन्हें क्या करना चाहिए
- नई कार्यनीति विकलाँगता-ग्रस्त लोगों के लिए एक बड़ा अंतर प्रदर्शित कर पाए।

हमारी कार्य योजनाओं में इन विषयों के बारे में जानकारी होगी:

- हम परिस्थितियों को बेहतर बनाने के लिए क्या करेंगे
- परिस्थितियों को बेहतर बनाने में कितना समय लगना चाहिए।

## सोचने के लिए प्रश्न

कार्य योजनाओं के बारे में आपके क्या विचार हैं?

क्या हमें नई कार्यनीति में कार्य योजनाएँ शामिल करनी चाहिए?

कृपया नीचे दिए गए चौखाने में अपने उत्तर लिखें।

| |
|---|
| शब्द लिखने के लिए यहाँ पर क्लिक या टैप करें। |

# विकलाँगता-ग्रस्त लोगों का समावेश करना

हम ऐसी योजना लिखना चाहते हैं जो इस बारे में बात करे कि विकलाँगता-ग्रस्त लोगों को कार्यनीति के कारगर होने में कैसे शामिल किया जाए।

## सोचने के लिए प्रश्न

हम यह सुनिश्चित करने के लिए विकलाँगता-ग्रस्त लोगों को कैसे शामिल कर सकते हैं कि नई कार्यनीति काम कर रही है?

हम यह सुनिश्चित करने के लिए विकलाँगता क्षेत्र को कैसे शामिल कर सकते हैं कि नई कार्यनीति काम कर रही है?

कृपया नीचे दिए गए चौखाने में अपने उत्तर लिखें।

| |
|---|
| शब्द लिखने के लिए यहाँ पर क्लिक या टैप करें। |

## सोचने के लिए अन्य बातें

क्या आपके पास कोई अन्य विचार या सुझाव हैं जिन्हें नई कार्यनीति में शामिल किया जा सकता है?

कृपया नीचे दिए गए चौखाने में अपने विचार या सुझाव लिखें।

| |
|---|
| शब्द लिखने के लिए यहाँ पर क्लिक या टैप करें। |

## आपके बारे में प्रश्न

क्या आप हमारे प्रश्नों के उत्तर दे रहे/रही हैं:

☐ केवल अपने लिए?

☐ किसी संगठन के लिए?

यदि आप किसी संगठन के लिए हमारे प्रश्नों के उत्तर दे रहे/रही हैं, तो कृपया हमें बताएँ कि वह कौन सा संगठन है: शब्द लिखने के लिए यहाँ पर क्लिक या टैप करें।

इनमें से कौन सा वाक्य आपके लिए लागू होता है?

☐ मैं एक विकलाँगता-ग्रस्त व्यक्ति हूँ।

☐ मैं एक विकलाँगता-ग्रस्त व्यक्ति की/का माता/पिता या अभिभावक हूँ।

☐ मैं एक विकलाँगता-ग्रस्त व्यक्ति के परिवार का/की सदस्य हूँ।

☐ मैं एक विकलाँगता-ग्रस्त व्यक्ति का/की देखभालकर्ता हूँ।

☐ मैं एक समर्थन कर्मी हूँ।

☐ मैं विकलाँगता-ग्रस्त व्यक्तियों के साथ कार्य करता/करती हूँ।

☐ मैं विकलाँगता का/की पक्ष-समर्थक हूँ।

☐ मैं एक विकलाँगता संगठन या सेवा प्रदाता के लिए कार्य करता/करती हूँ।

☐ मैं विकलाँगता-ग्रस्त व्यक्तियों का/की कार्य-नियोक्ता हूँ।

☐ मैं एक व्यवसाय का/की मालिक हूँ।

☐ मैं एक स्वास्थ्य-देखभाल कर्मी हूँ।

☐ मैं एक विश्वविद्यालय में पढ़ाई या कार्य करता/करती हूँ।

☐ मैं सरकार के लिए कार्य करता/करती हूँ, जैसे:

- ऑस्ट्रेलियाई सरकार
- राज्य या राज्य-क्षेत्र की सरकार
- स्थानीय सरकार।

अन्य, कृपया हमें बताएँ:

शब्द लिखने के लिए यहाँ पर क्लिक या टैप करें।

आप किस राज्य या राज्य-क्षेत्र में रहते/रहती हैं?

☐ ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र
☐ न्यू साउथ वेल्स
☐ नॉर्दर्न टेरेटरी
☐ क्वींसलैंड
☐ साउथ ऑस्ट्रेलिया
☐ तस्मानिया
☐ विक्टोरिया
☐ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया
☐ मैं ऑस्ट्रेलिया में नहीं रहता/रहती हूँ
☐ मैं बताना नहीं चाहता/चाहती हूँ

आप किस प्रकार के क्षेत्र में निवास करते/करती हैं?

☐ राजधानी शहर
☐ बड़ा शहर या कस्बा
☐ छोटा शहर या किसी बड़े शहर या कस्बे से दूर स्थित क्षेत्र
☐ मैं बताना नहीं चाहता/चाहती हूँ

क्या आप आदिवासी (एबोरिजनल) और/या टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी समुदाय से संबधित हैं?

☐ हाँ
☐ नहीं
☐ मैं बताना नहीं चाहता/चाहती हूँ

क्या आप किसी अलग **संस्कृति** से हैं?

आपकी संस्कृति है:

- आपका जीवन जीने का तरीका
- आप जिस तरह से बड़े हुए/बड़ी हुई हैं, उसके अनुरूप आपके सोचने या व्यवहार करने का तरीका।

☐ हाँ
☐ नहीं
☐ मैं बताना नहीं चाहता/चाहती हूँ

क्या आप अधिकांश समय अंग्रेज़ी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा का प्रयोग करते/करती हैं?

☐ हाँ
☐ नहीं
☐ मैं बताना नहीं चाहता/चाहती हूँ

क्या आप स्त्री-समलैंगिक (Lesbian), पुरुष-समलैंगिक (Gay), उभयलिंगी (Bisexual), पारलिंगी (Transgender), क्वियर (Queer) या प्रश्नकर्ता (Questioning), अंतर्लिंगी (Intersex) [एलजीबीटीक्यूआई+ (LGBTQI+)] समुदाय के/की सदस्य हैं?

☐ हाँ
☐ नहीं
☐ मैं बताना नहीं चाहता/चाहती हूँ

## आप हमें अपने उत्तर कैसे बता सकते/सकती हैं

आप हमारे प्रश्नों के उत्तर लिखित में दे सकते/सकती हैं।

आप हमें डाक से अपने उत्तर भेज सकते/सकती हैं।

National Disability Strategy Governance and Engagement Section

GPO Box 9820 Department of Social Services Canberra, ACT 2601

आप हमारी वेबसाइट पर जाकर हमारे प्रश्नों के उत्तर दे सकते/सकती हैं।

वेबसाइट: **www.engage.dss.gov.au**

आप अपने उत्तरों की ऑडियो रिकॉर्डिंग बना सकते/सकती हैं।

आप अपने उत्तरों की वीडियो रिकॉर्डिंग बना सकते/सकती हैं।

आप हमारी वेबसाइट पर जाकर अपनी:

- ऑडियो रिकॉर्डिंग अपलोड कर सकते/सकती हैं
- वीडियो रिकॉर्डिंग अपलोड कर सकते/सकती हैं।

आपको अपने उत्तर हमारे पास 30 सितंबर 2020 तक भेजने होंगे।

हम आपके उत्तरों को अपनी वेबसाइट पर साझा कर सकते/सकती हैं।

यदि आप यह चाहते/चाहती हैं कि हम आपके उत्तरों को साझा न करें, तो आपको हमें बताना चाहिए।

# शब्द सूची

### सुगम

यदि कुछ सुगम होता है, तो सभी लोग इसका उपयोग कर सकते हैं।

यह निम्नलिखित में से कुछ भी हो सकता है:

- स्थान या भवन
- परिवहन
- सेवा
- जानकारी
- वेबसाइट।

### पक्ष-समर्थक

ऐसा व्यक्ति, जो आपका समर्थन करता है। वे आपको अपनी बात सामने रखने में सहायता देते हैं। वे आपको जानकारी और सलाह भी दे सकते हैं।

### दृष्टिकोण

दृष्टिकोण ऐसी बातें होती हैं:

- जो आप सोचते हैं
- जिन्हें आप महसूस करते हैं
- जिनमें आप विश्वास करते हैं।

### मार्गदर्शन सिद्धाँत

हमारे मार्गदर्शन सिद्धाँत ऐसे महत्वपूर्ण विचार हैं, जिन्हें हम नई कार्यनीति में शामिल करना चाहते हैं।

### समावेशी

यदि कुछ समावेशी होता है, तो सभी लोग इसमें प्रतिभाग ले सकते हैं।

## परिणाम क्षेत्र

कार्यनीति में विकलाँगता-ग्रस्त लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए 6 विचार शामिल हैं।

हम इन्हें परिणाम क्षेत्र कहते हैं।

## परिणाम ढाँचा

परिणाम ढाँचा इन बातों का अनुरेखण करने का तरीका है:

- क्या विकलाँगता-ग्रस्त लोगों ने अपने लक्ष्य प्राप्त कर लिए हैं
- हमें कैसे पता चलेगा कि विकलाँगता-ग्रस्त लोगों ने अपने लक्ष्य प्राप्त कर लिए हैं
- समय के साथ होने वाले परिवर्तन।

## स्थिति वक्तव्य

स्थिति वक्तव्य नई कार्यनीति में शामिल बातों का एक सारांश होता है।

## सभी लोगों के लिए उपयुक्त अवरचना

सभी लोगों के लिए उपयुक्त अवरचना का अर्थ है कि नई परियोजनाओं और सेवाओं की योजना बनाते समय या इनका आरंभ करते समय हमें सभी लोगों की आवश्यकताओं के बारे में सोचना चाहिए।

## दृष्टिकोण

हमारा दृष्टिकोण यह है कि हम भविष्य में किन बातों को बेहतर बनाने के लिए नई कार्यनीति से सहायता प्राप्त करना चाहते हैं।

# हमसे संपर्क करें

**1800 334 505**

आप राष्ट्रीय रिले सेवा [National Relay Service] को भी कॉल कर सकते/सकती हैं।

टीटीवाई उपयोगकर्ता: **1800 555 677**

फोनः **13 36 77**

ईमेल: **disabilityreform@dss.gov.au**

वेबसाइट: **www.engage.dss.gov.au**

सूचना सुगमता समूह [Information Access Group] ने यह पढ़ने में आसान शब्दात्मक तथ्य पत्रक बनाया है।
किसी भी पूछताछ के लिए कृपया वेबसाइट **www.informationaccessgroup.com** पर जाएँ।
कार्य सँख्या 3436-A का संदर्भ दें।